अमर उजाला 10-9-2023

गायन में अश्वनीत, नृत्य से पायल ने जीता दिल

विजेता छात्रा को सम्मानित करते प्राचार्य। स्रोत : संस्था

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के प्रांगण में चल रही दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रर्दशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि प्रतियोगिताओं को आयोजित कराने का मकसद यूथ फेस्टिवल के लिए बच्चों को तैयार करना है।

सांस्कृतिक विभाग के प्रभारी डॉ राजेंद्र देशवाल ने बताया कि आज का युवा प्रतिभाशाली है। जरूरत है तो उनकी प्रतिभा निखारने की। इस दौरान प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। मंच का संचालन डॉ. अमित कुमार और डॉ. मनजीत कौर ने किया। गायन प्रतियोगिता में अश्वनीत सिंह, इंस्ट्रूमेंटल में अंकुश,नृत्य में पायल ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम केअंत में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। संवाद